E-mail: coeoffice@csjmu.ac.in

☎: 0512-2246609
☎: 0512-2246608

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं०: सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी.ओ.ई./313/2026 दिनांक : 08/04/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

विषय: दिनांक 12.04.2026 की को–करिकुलर परीक्षाओं के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्र संख्या सी0एस0जे0एम0वि0वि/सी0ओ0ई0/306/2026 दिनांक 04.04.2026 के द्वारा निर्गत परीक्षा कार्यक्रम में दिनांक 12.04.2026 को बी0ए/बी0काम0/बी0काम0(आनर्स)/बी0एससी0 बॉयोटेक की को–करिकुलर विषय की परीक्षायें निर्धारित है। दिनांक 12.04.2026 को संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा Combined Defence Service Exam. (CDS) की परीक्षा आयोजित होने के कारण छात्र/छात्राओं के द्वारा दिनांक 12.04.2026 की को–करिकुलर की परीक्षा स्थगित किये जाने के सम्बन्ध में प्रत्यावेदन प्राप्त हुए है।

उक्त के सम्बन्ध में आदेशानुसार सूचित करना है कि दिनांक 12.04.2026 को विश्वविद्यालय की सम्पन्न होने वाली को–करिकुलर की परीक्षायें अपने निर्धारित तिथि व समय पर ही सम्पन्न करायी जायेगी। जो परीक्षार्थी CDS की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हो, उनकी को–करिकुलर विषय की परीक्षायें बाद में अलग से सम्पन्न करायी जायेगी। इस हेतु परीक्षार्थी को प्रत्यावेदन, CDS परीक्षा का प्रवेश पत्र सहित सूची सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या द्वारा ईमेल आईडी0 coeoffice@csjmu.ac.in पर अथवा हार्ड कॉपी सहायक कुलसचिव (परीक्षा) कार्यालय में जमा किया जाना सुनिश्चित करें। CDS परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के अतिरिक्त किसी भी अन्य परीक्षार्थी को को–करिकुलर परीक्षा में सम्मिलित होने का पुनः अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि CDS परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का विवरण उक्तानुसार दिनांक 17.04.2026 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)/सहा0 कुलसचिव (सेमेस्टर)।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को अवलोकनार्थ।
3. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
4. पी0एम0यू0 सेल/कोडिंग।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

08/04/26
(अंजलि मौर्या)
उप कुलसचिव (परीक्षा)